आई.टी.

सं.ए. 20011/30 (क)/2021-हिंदी/Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date: 23 दिसम्बर, 2021

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: निदेशालय मुख्यालय में दिनांक 28 दिसम्बर 2021 को ऑनलाइन माध्यम से हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।

निदेशालय तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी कार्यों के लक्ष्यों को प्राप्त करने और कार्मिकों की राजभाषा हिंदी में काम करने की रूचि पैदा करने के उद्देश्य से निदेशालय में प्रतिमाह हिंदी प्रतियोगिता/ हिंदी गतिविधि आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

2. उपर्युक्त के अनुपालनार्थ, दिसम्बर 2021 माह में निदेशालय (मुख्यालय) में दिनांक **28 दिसम्बर 2021 को 1500 बजे** से निदेशालय (मुख्यालय) एवं सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन माध्यम से **हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी स्वरचित कविता पाठ या किसी प्रख्यात कवि के कविता का वाचन कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें यह बताना होगा कि कविता स्वरचित है या किसी कवि की रचित है। प्रत्येक प्रतिभागी को कविता वाचन हेतु 4 मिनट का समय दिया जाएगा।

3. इस प्रतियोगिता का परिणाम इसके लिए गठित एक निर्णायक समिति के द्वारा निकाला जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और वरियता क्रम में चौथा व पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। चुंकि प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरूप पुरस्कार की राशि की कीमत तक की उपयोगी वस्तु प्रदान की जाएगी, अत: सुगमता हेतु अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के विजयी होने वाले प्रतिभगियों को इसका वहन उनके केन्द्र के इम्प्रेस्ट कैश से किए जाने का निर्णय लिया गया है।

4. निदेशालय के सभी अधिकारियों/अनुभाग अधिकारियों एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के प्रभारियों से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक कर्मचारियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए भाग लेने वाले इच्छुक कार्मिकों का नाम, पदनाम और मोबाइल नम्बर (whatsapp enabled) सहित दिनांक **27 दिसम्बर 2021 को 1700 बजे तक** ई-मेल आई.डी.- dinesh.71@dcpw.gov.in पर या फैक्स द्वारा भेज दें।

5. इसे निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

23.12.2021
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

2/-

<u>प्रतिलिपि</u>.

1. सभी अनुभाग अधिकारी ।
2. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली ।
3. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
4. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के स्टेशन अधीक्षक विभाग के सरकारी वेबसाइट के माध्यम से।
5. सहायक निदेशक (सूचना और प्रोद्योगिकी) - कृपया विभाग के वेबसाइट में अपलोड करने और साथ ही 28 दिसम्बर 2021 को नियत समय पर हिंदी प्रतियोगिता वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजन करने हेतु सम्पर्क (लिंक) भेजने और यथा-आवश्यक समन्वय करने हेतु।
6. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड।

<u>प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ निम्नलिखित को प्रेषित</u>:-

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ ।
2. सभी संयुक्त निदेशक : सादर सूचनार्थ।